**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1719**
**सोमवार, 13 फरवरी, 2023/24 माघ, 1944 (शक)**

## गैर-नवीकरणीय ऊर्जा

**1719. श्री विष्णु दयाल रामः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गैर-नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में वर्तमान में राज्य-वार कुल कितने लोग नियोजित हैं;

(ख) क्या सरकार का ध्यान नवीकरणीय ऊर्जा पर ज्यादा केन्द्रीत है तथा गैर-नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में नौकरी खत्म होने की संभावना के बारे में सरकार अवगत है; और

(ग) यदि हां, तो क्या रोजगार में होने वाली हानि को कम करने के लिए सरकार के पास की कोई योजना है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) से (ग): वर्ष 2017-18 से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रोजगार और बेरोजगारी पर आधिकारिक डेटा स्रोत होता है। सर्वेक्षण की अवधि जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है। नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020-21 के दौरान, ब्रॉड इंडस्ट्री डिवीजन अर्थात "बिजली, पानी, आदि" में सामान्य स्थिति के आधार पर अनुमानित श्रमिक, कुल श्रमिकों के 0.6% थे।

सरकार ने वर्ष 2030 तक, 500 गीगा वाट की गैर-जीवाश्म आधारित स्थापित बिजली क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

*****